कार्यालय
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
वाराणसी

संख्या–537/यो0वे0से/2026–27 दिनांक– 04 मई, 2026

–:: विज्ञप्ति ::–

**अंतिम तिथि–23.05.2026 सायं 05:00 बजे तक**

**(योग सहायक हेतु भर्ती)**

मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली के अनुमोदन दिनांक 23.04.2026 के क्रम में **जनपद–चन्दौली** के योग वेलनेस सेन्टर, **उतरौत**–चन्दौली में रिक्त योग सहायक के आबद्धीकरण हेतु शासनादेश संख्या–110/96–आयुष–2–2020–127/2016 आयुष अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 में दिये गये निर्देशानुसार एक मुश्त आवर्ती पारिश्रमिक के आधार पर उक्त उक्त पद पर आबद्धीकरण अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन किये जाते है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | मानदेय | पदों की संख्या | नियुक्ति की अवधि | शैक्षिक अर्हता, उम्र की सीमा, योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | योग सहायक | 10000/– प्रतिमाह | 01 उतरौत | एक वर्ष (योजना आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही है अतः अवधि का निर्धारण आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जायेगा) | 1–मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से $5\frac{1}{2}$ वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (B.N.Y.S.) डिग्रीधारक को वरीयता दी जायेगी।<br>अथवा<br>2–बी0ए0 (योग) 03 वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0 (योग) 03 वर्षीय धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक अनुभव–एक वर्ष<br>अथवा<br>3–पी0जी0 डिप्लोमा धारक (न्यूनतम एक वर्षीय पाठयक्रम) अनुभव 02 वर्ष<br>4–योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर प्रमाण पत्र धारक अनुभव 01 वर्ष<br>नोट–1–सेन्टर में योग सहायक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।<br>5–कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त का ही मान्य होगा<br>उम्र–न्यूनतम 21 वर्ष से अधिक एवं 65 वर्ष तक की उम्र का स्वस्थ्य अभ्यर्थी होना चाहिए।<br>6–इण्टरमीडिएट या समकक्ष योग्यता के उपरान्त योग सेन्टर/नेचुरोपैथी सेन्टर/आयुष चिकित्सालय जिसमें स्वस्थवृत्त एवं योग से सम्बन्धित क्लीनिक (बहिरंग) में कार्य करने का 02 वर्षीय अनुभव हो |

नियम एवं शर्ते –

1– यह नियुक्तियॉ न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी है और न ही यह नियमित तैनाती है।

2– योग सहायक को चिकित्सालय समय तक (पूर्ण कालिक) कार्य करना होगा।

3– राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार अन्य कार्य।

4– योग सहायक की सेवायें सन्तोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकेगी।

5– चयनित होने के उपरान्त 15 दिन के अन्तर्गत आबद्धीकृत योग वेलनेस सेन्टर पर अनुबन्ध करते हुए कार्यभार ग्रहण करना होगा। उक्त कालावधि में कार्य आरम्भ नही करने पर आबद्धीकरण स्वतः समाप्त हो जायेगा।

6– राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा स्वीकृत एक वर्ष के लिये अनुबन्धित किये जायेगें। राष्ट्रीय मिशन द्वारा योजना के निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त एक वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य न्यूनतम 15 दिन का अन्तराल अनिवार्य रूप से रखा जायेगा।

7– सम्बन्धित योग सहायक का प्रमाण–पत्र/चरित्र सत्यापन कराया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रतिकूल निष्कर्ष की दशा में अनुबन्ध प्राधिकारी द्वारा आबद्धीकरण बिना कोई कारण बताये तुरन्त रद्द कर दिया जायेगा।

8– यदि किसी बिना विशिष्ट कारण के और बिना सूचना के अपने कार्य से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसका आबद्धीकरण अनुपस्थिति की तिथि से रद्द कर दिया जायेगा।

9– सम्बन्धित योग सहायक के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने की तिथि तक ही अनुबन्ध किया जायेगा, 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर कार्यकाल स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।

10– **आवेदन पत्र के साथ अपना पता लिखा दो लिफाफा 23×10 सेमी0 जिस पर 56/– रूपये का डाक टिकट लगा हो अवश्य संलग्न करे। लिफाफे पर जनपद एवं आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।**

11– अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि के अन्दर केवल पंजिकृत/स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें।

12– साक्षात्कार की तिथि, स्थान एवं समय की सूचना बाद में दी जायेगी।

13– आवेदन पत्र भेजने का पता–कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, वाराणसी (राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय कैम्पस) चौकाघाट, जनपद–वाराणसी पिन–221001

14– आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।

15– आवेदन पत्र का प्रारूप chandauli.nic.in से डाउनलोड करें।

16– आवेदन पत्र के उपयुक्त/अनुपयुक्त होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी को होगा।

17– साक्षात्कार के लिये कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

18– तैनाती स्थान का निर्धारण चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

**(डा0 अरविन्द कुमार)**
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
वाराणसी

# जनपद–चन्दौली हेतु आवेदन पत्र

## योग सहायक के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

## (योग वेलनेस सेन्टर–उतरौत)

पासपोर्ट साईज कलर फोटो स्व प्रमाणित

1– अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)– ..........................................
(अग्रेंजी कैपिटल लेटर में)– ..........................................

2– पिता/पति का नाम– ..........................................

3– पता–(क)–स्थायी– ..........................................
..........................................
..........................................
पिनकोड–..........................................

(ख)–पत्र व्यवहार का पता– ..........................................
..........................................
..........................................
पिनकोड–..........................................

4– जन्मतिथि– ..........................................

5– दिनांक 30.04.2026 को आयु वर्ष..........................माह.................दिन..................

6– मोबाइल नं0–.......................................... व्हाटसप्प नं0–..........................................

7– ई–मेल आई0डी0..........................................

8– राष्ट्रीयता.......................... आरक्षित श्रेणी (ओ0बी0सी0/अनुसूचित जाति/जनजाति)

9– उपजाति–..........................................

10– शैक्षिक एवं व्यवसायिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | अंक प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11– कार्य अनुभव (संस्था का नाम सहित)..........................................

12– सेवायोजन कार्यालय का नाम व पंजीकरण संख्या (यदि हो)–..........................................

–घोषणा–

मै..........................................एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रमाण पत्र एवं प्रविष्टियॉ मेरी जानकारी के अनुसार सही है यदि कोई तथ्य/विवरण असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त कर दिया जाये और यदि मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जाती है तो मुझे कोई आपत्ति नही होगी।

संलग्कन– 1–
2–
3–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम–..........................
स्थान–..........................
दिनांक–..........................

An

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
वाराणसी